दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 340 मुरादाबाद 12 April 2022 2022 (Tuesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## पीएम मोदी ने ज्योतिराव फुले को बताया 'सामाजिक न्याय के चैंपियन', कहा- अनगिनत लोगों के लिए हैं आशा के स्रोत



देशभर में ज्योतिराव फुले की 195 वीं जयंती मनाई गई इस अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें %सामाजिक न्याय का चैंपियन' बताया है। पीएम ने कहा कि वे ऐसे समाज सुधारक थे जिन्होंने सामाजिक समानता, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा दिया। पीएम मोदी ने ट्विट कर कहा, "महात्मा फुले को सामाजिक न्याय के चैंपियन और अनगिनत लोगों के लिए आशा के स्रोत के रूप में व्यापक रूप से सम्मानित किया जाता है। वह एक बहुमुखी व्यक्तित्व थे जिन्होंने सामाजिक समानता, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किया। उनकी जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि।

### मनोहर लाल खट्टर और अशोक गहलोत ने भी श्रद्धांजलि दी

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी ज्योतिराव फुले को श्रद्धांजलि दी और महात्मा ज्योतिबा को महान विचारक बताया। वहीं फुले को श्रद्धांजलि देते हुए, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ट्वीट किया, "महान समाज सुधारक, महात्मा ज्योतिबा फुले जी को उनकी जयंती पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने सामाजिक न्याय के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया था। महिलाओं की शिक्षा के लिए उनका योगदान और दलितों का उत्थान हमेशा प्रेरणादायक रहेगा।

## अब राकेश टिकैत ने भी की विपक्षी एकजुटता की अपील, कहा- देश में बड़े किसान आंदोलन की जरूरत



भारतीय किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने सोमवार को कहा कि देश के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए एक बड़े किसान आन्दोलन की जरुरत है जिसकी सफलता के लिए विपक्षी दलों की एकजुटता जरुरी है। टिकैत ने तेलंगाना के किसानों से फसलों की खरीद को लेकर तेलंगाना भवन पर जन प्रतिनिधियों के चल रहे धरना को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि किसानों के आन्दोलन के लिए स्थान और तिथि की घोषणा जल्दी ही की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों की एक बैठक की जानी चाहिए और ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्तारुढ़ दल का मुकाबला करने के लिए विपक्ष के मदद की जरूरत है और इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। किसान नेता ने कहा कि तेरह माह के आन्दोलन के बाद किसानों की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) के निर्धारण के लिए केन्द्र सरकार ने एक समिति गठित करने की घोषणा की और बाद में संयुक्त किसान मोर्चा से इसके लिए दो तीन नाम मांगे गए। मोर्चा की ओर से सरकार को पत्र भेजा गया और और पूछा गया कि समिति में कितने लोग होंगे और उसकी शक्ति क्या होगी, इसका जवाब अब तक नहीं दिया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार मनमाने ढंग से समिति का गठन करना चाहती है और उसके निर्णय को किसानों पर थोपना चाहती है, जिसे किसान कभी सफल नहीं होने देंगे। किसानों को एमएसपी गारंटी कानून चाहिए और इससे कम कुछ उसे मंजूर नहीं है।

## दर्दनाक हादसा: गोशाला और झुग्गियों में लगी भीषण आग, 38 गायों की जलकर मौत, कई गायें घायल



जिले से एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां गोशाला में आग लगने से 38 गायों की दर्दनाक मौत की खबर है। आग लगने की सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं, और कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई। घायल गायों को अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां कई गायों की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रशासन का कहना है कि मृतक गायों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। घटनास्थल पर डीएम राकेश कुमार सिंह और कार्यवाहक एसएसपी मुनिराज भी मौके पर पहुंच गए।गाजियाबाद के इंदिरापुरम के ग्राम कनावनी पुस्ता रोड डूब क्षेत्र स्थित झुग्गियों में सोमवार को दोपहर भीषण आग लग गई। आग के चलते पास में ही स्थित एक गौशाला में अब तक करीब 49 गायों की मौत होने की खबर है। दमकल की दर्जनों गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचकर आग बुझाने में जुटी हैं। आग की खबर फैलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। इस घटना में कई गायों के भी आग में झुलसने की खबर है। हालांकि, गायों की सही संख्या अभी पता नहीं चल पाई है। दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पाने में जुटी है। आग इतनी जबर्दस्त है कि उसने देखते ही देखते पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया। अभी तक किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। आग लगने से आस-पास की लोगों में दहशत फैल गई। आग लगने का कारण नहीं पता चल पाया है। श्री कृष्णा सेवा गौशाला ट्रस्ट के संचालक सूरज के मुताबिक, हादसे के समय उनकी गौशाला में 100 से अधिक गाय थीं। इनसे करीब 49 - 50 गायों की आग में जलकर मौत हो गई हैं। आग झुग्गियों में लगी थी। हादसे में 30 से ज्यादा झुग्गियां भी जलकर राख हुई हैं और 3 सिलेंडर फटे हैं। बताया जा रहा है कि हादसे की जगह ही गैस सिलेंडर का गोदाम है। आग लगने के दौरान 10 से ज्यादा गैस सिलेंडरों में धमाका होने की बात कही जा रही है। इनमें 2 बड़े और 8 छोटे जले हुए सिलेंडर बरामद हो गए हैं। अन्य की तलाशा की जा रही है। इस आग में कई मुर्गे भी जलकर मर गए हैं।

## रामनवमी पर हिंसा के बाद बोले राहुल गांधी- देश को कमजोर कर रही नफरत



रामनवमी के मौके पर देश के कई हिस्सों से हिंसा की खबरें आईं। कई राज्यों में सांप्रदायिक झड़प की घटनाएं हुईं। अब राहुल गांधी ने इसको लेकर कहा है कि इस तरह की नफरत और हिंसा हमारे प्यारे देश को कमजोर कर रही है। उन्होंने ट्वीट करके सरकार पर भी निशाना साधा और लोगों से भाईचारे की अपील की। दरअसल रामनवमी के दिन मध्य प्रदेश से लेकर बंगाल तक हिंसक घटनाएं हुईं। वहीं राजधानी दिल्ली में स्थित जेएनयू में भी मीट खाने को लेकर झड़प हो गई। राहुल गांधी ने कहा, %हिंसा और घृणा हमारे देश को कमजोर कर रही है। प्रगति का रास्ता केवल भाईचारे की ईंटों से बनाया जा सकता है, इसके लिए शांति और सौहार्द की जरूरत है।% उन्होंने लोगों से अपील की कि सुरक्षित भारत के लिए लोग साथ खड़े रहें। बता दें कि गुजरात के दो शहरों में हुई हिंसा में कम से कम एक शख्स की मौत हो गई। वहीं झारखंड और पश्चिम बंगाल में भी हिंसा की घटनाएं सामने आईं। ज्यादातर जगहों पर जुलूस निकालने के दौरान हिंसा हुई। झारखंड में भी एक गंभीर रूप से घायल शख्स की जान चली गई। मध्य प्रदेश के खरगोन में हुई हिंसा को लेकर सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि वह दोषियों को केवल जेल नहीं भेजेंगे बल्कि प्राइवेट और सरकारी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुंचाने वालों से पूरी वसूली भी की जाएगी।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे- 9027776991

अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM

# लावारिस मिले बालक को परिजनों से मिलाया

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-एक बालक अपने परिजनों से भटक गया था जो काफी परेशान व रो रहा था। कटरा चौराहा पर कुछ संभ्रांत व्यक्तियों को मिला। संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा बीट आरक्षी मनीष कुमार को उक्त बालक के मिलने के संबंध में सूचना दी गई। आरक्षी मनीष कुमार द्वारा बालक को नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती पर लाकर काफी विनम्रता पूर्वक चाय पानी पिला कर उसके माता पिता व परिजनों के बारे में पूछताछ किया गया। बालक द्वारा बताए गए पते पर आरक्षी द्वारा सी प्लान ऐप के जरिये से गांव के प्रधान से संपर्क कर बालक के बारे में जानकारी दी गई बालक का नाम पता तस्दीक होने पर ग्राम प्रधान व बालक के परिजनों को बुलाकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए सकुशल सुपुर्द किया गया । बालक का नाम राजू पुत्र अली रजा उम्र 10 वर्ष निवासी ग्राम पुरे हिसाब तिवारी छितौनी थाना कौड़िया जनपद गोंडा।

# प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर:

## ग्राम पंचायत परासी और बचरवार में प्राप्त आवेदनों का किया गया निराकरण



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विकासखंड़ों में अलग अलग तिथियों में प्रशासन आपके द्वार जनसंवाद शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज ग्राम पंचायत परासी और बचरवार में जनसंवाद शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत परासी में आयोजित शिविर में कुल दो सौ बारह आवेदन प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग के 68, पंचायत विभाग के 61, खाद्य विभाग के 22, विद्युत विभाग के 16, कृषि विभाग के 14, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 10, पशु धन विकास विभाग के 5, शिक्षा विभाग के 3, सिंचाई और सहकारिता विभाग के 2-2, पुलिस, लोक निर्माण और महिला एवं बाल विकास विभाग के 1-1 और जिला स्तर व अन्य प्रकार के 6 आवेदन पत्र शामिल है। शिविर स्थल पर 43 आवेदनों का निराकरण किया गया है।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत बचरवार में भी आयोजित शिविर में ग्रामीणों से प्राप्त विभिन्न आवेदनों का निराकरण किया गया तथा शेष आवेदनों का निराकरण शीघ्र ही संबंधित विभागों द्वारा किया जाएगा। शिविर स्थल पर ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर ग्रामीणों के आवेदनों का निराकरण कर रहें है, जिससे ग्रामीणजन लाभान्वित हो रहे हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का शुभारम्भ

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-प्रदेश सरकार के मंशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जनपद में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य मेला का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी ने बताया है कि सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवायें केवल इमरजेंसी सेवायें ही मरीजों को मिलती हैं। जिससे इलाज के लिए मरीजों को इधर-उधर भटकना पड़ता था। परेशानियों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में आज से मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस मेले में आने वाले मरीजों को निशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी, वहीं स्वास्थ्य मेले में जरूरी पैथोलॉजी की जांचों की भी सुविधा मरीजों के लिए उपलब्ध रहेगी। मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की भी मरीजों को पूरी जानकारी दी जायेगी। मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0पी0 भार्गव ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में लोगों को टी0बी0, मलेरिया, डेंगू,दिमागी बुखार, कालाजार, फाइलेरिया, एवं कुष्ठ रोग से सम्बंधित जानकारी, आवश्यक जांच उपचार एवं सन्दर्भन सुविधाए ,प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवम मुख्यमंत्री जन आरोग्य अभियान की जानकारी तथा पात्र लाभर्थियों को गोल्डन कार्ड वितरण,गर्भावस्था तथा प्रसव कालीन परामर्श तथा सेवाएं, पूर्ण टीकाकरण परामर्श तथा सेवाएं, बच्चों में डायरिया एवं निमोनिया के रोक थाम बचाव एवं उपचार की जानकारी एवं सुविधाए, कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण एवं उनके उपचार हेतु समुचित कार्यवाही की जाएगी। उन्होने यह भी बताया है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लगने वाले स्वास्थ्य मेले में जहां एक एलोपैथिक चिकित्सक अनिवार्य रुप से मौजूद रहेंगे, वहीं आयुष, होम्योपैथी, यूनानी पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहेगें। इस स्वास्थ्य मेले में सरकार की ओर से चलायी जा रही स्वास्थ्य योजनाओं जैसे क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम, लेप्रोसी उन्मूलन कार्यक्रमों की भी जानकारी मरीजों को दी जायेगी।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं को किया गया जागरूक

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती-महिला बीट पुलिस अधिकारी शक्ति मोबाइल, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र गाँवों/विद्यालयों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के संबंध में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। फोन करने वाली महिलाओं/ बच्चियों का नाम पता गोपनीय रखा जाता है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों व शक्ति मोबाइल द्वारा निरंतर गाँवो मे जाकर चौपाल लगाकर महिलाओं/बच्चियों को जागरूक किया जा रहा है।

शक्ति मोबाइल द्वारा थाना क्षेत्र भिनगा अंर्तगत ग्राम काली माता मंदिर भिनगा व थाना क्षेत्र सिरसिया अंतर्गत ग्राम विभूति नाथ मंदिर, अहलाद नगर में म0आ0 संज्ञा भारती, म0आ0 सोनी देवी व म0आ0अर्जिता यादव द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को वीमेन पॉवर लाइन 1090 व उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून वनियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। थाना मल्हीपुर से नारी सुरक्षा दल द्वारा मल्हीपुर कस्बा व अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंच कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया। थाना इकौना से नारी सुरक्षा दल द्वारा कस्बा इकौना मे व सीताद्वार मंदिर पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया। नवीन मॉडर्न पुलिस थाना श्रावस्ती/थाना गिलौला/सिरसिया/सोनवा से नारी सुरक्षा दल द्वारा कस्बा/क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया।

# शाला में अनुपस्थित 4 शिक्षकों पर अवैतनिक की कार्रवाई

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- जिले में संचालित स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, संकुल शैक्षिक समन्वयक, संकुल केन्द्र प्रभारी द्वारा स्कूलों का नियमित रूप से सघन निरीक्षण किया जा रहा है। ज्ञात हो कि स्कूलों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए विगत 25 मार्च से स्कूलों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने वाले शिक्षकों पर अवैतनिक की कार्रवाई की जा रही है। 11 अप्रैल को स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विकासखण्ड गौरेला में 3 और मरवाही में 1 शिक्षक अनुपस्थित पाये गये। अनुपस्थिति शिक्षकों को उक्त दिवस अवैतनिक किये जाने के निर्देश दिये

# व्यायाम और जीवनशैली में परिवर्तन से दूर रहेंगी हड्डी की कई बीमारियां

मुरादाबाद-रोटरी क्लब मुरादाबाद रॉयल्स की ओर से सोमवार को मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के सहयोग से मस्तिष्क एवं रीढ़ रोग जांच शिविर मानसरोवर फिजियोथेरेपी सेंटर नवीन नगर पर आयोजित किया गया। जिसमें मैक्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ न्यूरो रोग विशेषज्ञ डा. अबुल कलाम ने लगभग 150 रोगियों का परीक्षण करके उन्हें इस संबंध में परामर्श दिया। डा. अबुल कलाम ने बताया कि आधुनिक जीवन शैली, मोबाईल एवं अन्य आधुनिक गैजेट्स का जरूरत से ज्यादा प्रयोग गर्दन, रीढ़ एवं नसों के रोग को बढ़ावा दे रहा है। इस कारण चक्कर आना, साइटिका एवं अन्य नसों के रोग हमारे शरीर में घर बना रहे हैं। पढ़ते, लिखते एवं मोबाइल का इस्तेमाल करते हुए कमर और गर्दन का सही कोण और बैठने की सही मुद्रा एवं नियमित व्यायाम द्वारा इन सब बीमारियों को अपने से दूर रखा जा सकता है। क्लब अध्यक्ष निखिल गुप्ता, क्लब फाउंडर राजीव गोयल, कोषाध्यक्ष मंजू गोयल एवं शिविर संयोजक डा. दीपक राज गर्ग, अंकिता गर्ग का शिविर की व्यवस्था में विशेष योगदान रहा। इसके अतिरिक्त सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, पार्षद अजय दिवाकर, काजल, गोलू, अब्दुल, अकरम, संजू, शिखा, सूरज आदि ने भी व्यवस्था में सहयोग दिया।

# आज शुरू होगा रमजान का दूसरा अशरा

मुरादाबाद-पाक व मुकद्दस रमजान माह का दूसरा अशरा मंगलवार शाम से शुरू होगा। रोजेदार खुदा से मगफिरत की दुआएं मांगेंगे। अजान की आवाज सुनते ही रोजेदार मस्जिदों की ओर रुख कर रहे हैं। अल्लाह का हर बंदा इबादत में मशगूल है। ऐसा माहौल पूरे साल में केवल रमजान के महीने में ही देखने को मिलता है। जब व्यक्ति पांचों वक्त की नमाज पाबंदी से पढ़ने के साथ ही देर रात तक तरावीह भी पढ़ते हैं। फज्र से मगरिब तक रोजा रखा जाता है। रमजान के महीने को तीन अशरों (हिस्सों) में बांटा गया है। पहला अशरा रहमत, दूसरा अशरा मगफिरत, तीसरा अशरा जहन्नुम से निजात। मंगलवार शाम से पहला अशरा रहमत का पूरा हो जाएगा और दूसरा अशरा मगफिरत शुरू हो



जाएगा। इस अशरे में गुनाह माफ किए जाते हैं। पांचों फर्ज नमाज एवं तरावीह के बाद रोजेदार दुनिया जहान से रुखसत हो चुके बुजुर्गों के लिए मगफिरत की दुआएं करेंगे। मदरसा व मस्जिद रफीकुल उलूम के इमाम कारी अब्दुल मुईद ने बताया कि मंगलवार से मगफिरत का अशरा शुरू होगा। इसके बाद तीसरा अशरा जहन्नुम से निजात शुरू होगा।

## बाजार में बढ़ेगी रौनक

रमजान में पहले अशरा में लोग ज्यादातर तरावीह में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में रमजान के लिए मुकम्मल खरीदारी नहीं हो पाती है। अब दस दिनी तरावीह मुकम्मल हो चुकी है, इसलिए लोग खरीदारी के लिए बाजार में निकलने लगे हैं। अभी तक ज्यादातर दुकानदार भी तरावीह में मशरूफ थे। वक्त मिलने पर ईद के लिए माल की आवक शुरू हो गई है।

## टीवी से बना लेते हैं दूरी, घरों में होती है कुरआन की तिलावत

रमजान में अधिकांश लोग घरों में टीवी पर पर्दा डाल देते हैं। घरों में बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सभी कुरान की तिलावत में व्यस्त रहते हैं।

# शरीफनगर-सुरजन नगर रोड पर ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से स्योहारा थाना क्षेत्र निवासी 25 श्रद्धालु घायल




नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा- शरीफनगर-सुरजन नगर रोड पर रविवार सुबह करीब 11 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र निवासी 25 श्रद्धालु घायल हो गए थे। इसमें से एक महिला सोनी ने दिल्ली रोड के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि बेटे की हालत गंभीर है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। बिजनौर के स्योहारा थाना क्षेत्र के गांव सिपाहियों वाला निवासी मजदूर तबके के कुछ लोग परिवार सहित उत्तराखंड के काशीपुर में लगने वाले चैती मेले में गए थे। वहां से सभी श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्रॉली से घर लौट रहे थे। रविवार सुबह 11 बजे ट्रैक्टर ट्रॉली शरीफनगर-सुरजननगर रोड पर मदारपुर मोड के पास पलट गई। ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से महिलाओं और बच्चों समेत करीब 25 श्रद्धालु घायल हो गए थे। इसी हादसे में गांव सिपाहियों वाला निवासी गुलशन, उसकी पत्नी सोनी और दो बेटे वंश और अंश भी घायल हो गए थे। इनमें से सोनी( 31 ) और छोटा बेटे अंश( 7 ) को गंभीर हालत में दिल्ली रोड पाकबड़ा के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां रविवार देर रात सोनी ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सोमवार दोपहर पुलिस ने पोस्टमर्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। उसकी मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। एक ओर जहां महिला की मौत हो गई है। दूसरी ओर एक बेटा अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा है। इतना ही नहीं पति और बड़ा बेटा भी हादसे में घायल होने के कारण उपचाराधीन हैं।

# बुजुर्ग ने अपने बेटे पर लगाया मकान कब्जाने व जान के खतरा का आरोप एसएसपी को दिया शिकायती पत्र

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-जनपद मुरादाबाद के लाजपत नगर निवासी बुजुर्ग साबिर हुसैन ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र एसएसपी कार्यालय पर दर्ज कराया है दर्ज शिकायती पत्र में बुजुर्ग साबिर हुसैन का आरोप है कि उनका बेटा रुवेद उनके मकान पर जबरन कब्जा करना चाहता है इतना ही नहीं पीड़ित बुजुर्ग ने अपने बेटे पर अपनी जान का खतरा भी बताया है बुज़ुर्ग का कहना है कि उनका एक मकान जो कि लाजपत नगर है जो कि उनकी पत्नी के नाम है लेकिन उसका पुत्र रुवेद उस पर जबरन कब्जा करना चाहता है। पीड़ित बुजुर्ग का कहना है जबकि उन्होंने अपने पुत्र को संपत्ति से बेदखल कर दिया है उसके बावजूद भी वह मकान पर जबरन कब्जा करना चाहता है और उनके साथ आए दिन मारपीट भी करता रहता है इस संबंध में थाने पर शिकायत भी दर्ज कराई गई लेकिन बुजुर्ग का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की है हार कर उन्होंने एक शिकायती पत्र एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से मुलाकात कर शिकायती पत्र एसएसपी को सौंपा है और एसएसपी से अपने पुत्र पर कार्यवाही की मांग की है बुजुर्ग साबिर हुसैन का कहना है कि इससे पहले भी उनका पुत्र अपने साथियों के साथ मिलकर उन पर हमला भी कर चुका है इतना ही नहीं बुजुर्ग साबिर हुसैन ने अपनी जान का भी खतरा अपने पुत्र रुवेद से बताते हुए इंसाफ की गुहार एसएसपी से लगाई है अब देखने वाली बात यह होगी कि एसएसपी इस मामले में आखिर संज्ञान लेकर किया कार्यवाही करते हैं।

# रामनवमी के उपलक्ष में निकली भव्य शोभायात्रा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगर विधायक गुप्ता

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- उत्तर प्रदेश की जनपद मुरादाबाद के जीआईसी चौराहे से रामनवमी के उपलक्ष में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी निकाली गई भव्य शोभा यात्रा वही इस रामनवमी के जुलूस में निकाली गई अनोखी झांकियां जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी दरअसल यह रामनवमी का जुलूस जो जीआईसी चौराहे से विभिन्न मार्गो से होता हुआ गुलजारी मल धर्मशाला पर संपन्न किया जिसमें पुलिस प्रशासन भी पूरी तरीके से



मुस्तैद नजर आया इस अवसर पर नगर विधायक रितेश गुप्ता और कमेटी के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी समाजसेवी दीपक अग्रवाल टोनी सहगल संयुक्त व्यापार मंडल नीरज मित्तल सहित अन्य व्यापारी गण मौजूद रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए०एच०प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Change in pakistan

In Pakistan, the politics finally took a new turn and the Imran government had to go for lack of majority. Imran Khan tried to save himself till the last moment. Waited to take advantage of sympathy or change the atmosphere, but when every move and hope failed due to the opposition's insistence, the National Assembly passed a no-confidence motion with 174 votes on Sunday. He has become the first Prime Minister of his country to be discharged like this. Since he has left after all his troubles, he will have to struggle a lot on the political front as well as on the administrative front in the coming days. There is a kind of ban on his going abroad and he has given opportunity to his opponents because of his weaknesses. Actually, when you believe in democratic and constitutional institutions, then these institutions also believe in you and give strength. But the way Imran has misused power to protect himself, till the last minute to evade Parliament despite court orders, he himself has created thorns for himself."The day of 9th April will always be remembered in the history of Pakistan. The leaders who were writing the dark history of Pakistan with their own arbitrariness, how much the public has been disappointed with them, it will be known only in the upcoming elections, but for the remaining term, the exercise of forming a new government in Pakistan is going on in some way. The approach of the new government should not be arbitrary or malice towards Imran Khan and his team, but should be just. Imran Khan wanted the upcoming elections to be his Prime Minister, but he did not succeed in winning the right atmosphere or the confidence of other leaders for this. Instead of making liberal efforts to take the opposing leaders along, he did the work of provoking it. Politicians in Pakistan should try to avoid such allegations that inflict deep wounds. Running a democratic government requires mutual basic trust, the lack of which is not new in Pakistan. Will the next prime minister be able to dispel this mistrust? The opposition parties who have shown the way out of a government, now it is the responsibility of them to give a good government to the country together. Apart from garnering majority, future Prime Minister Shahbaz Sharif will have to face the compulsion of taking the army into confidence step by step. If Pakistan's economy had not collapsed, Imran Khan might not have had to go like this. Now Shahbaz Sharif is saying that the days of smiling Pakistan have come, is it really so? First of all, they will have to show rapid progress towards economic reforms, so that the country does not have to repeatedly spread its hands to the world. We have to avoid corruption ourselves and save the country. At present, Pakistan has 43 percent debt of GDP, inflation is not stopping. The pride of being Pakistani is decreasing day by day, so the biggest challenge is that this country should not grow on the path of bigotry and terrorism, so that the respect of its passport also increases in the world.

# Boyfriend used to abuse and fight with this daughter-in-law of TV, Akanksha Juneja's pain on the relationship



There have been many such stars of Bollywood and TV who remain in the discussion due to their relationship apart from films. Many times these stars also keep talking openly about the good and bad experiences of their relationship. Now TV's famous actress Akanksha Juneja has spoken openly about her relationship. Also told why she is single now. According to the news of the English website Times of India, Akanksha Juneja has revealed that at one time she was in a very bad relationship. In which they had to be victims of violence and exploitation. In such a situation, Akanksha Juneja is single since ending that relationship. The actress said, "The relationships of actors are always on the radar. I have no reason to lie or hide my relationship. I love the fact that I am currently single and I am married to my work'. The 'Saath Nibhana Saathiya 2' actress further added, "I was in a serious relationship and that lasted for three years. But then things got worse. My partner used to abuse and beat me. After the anger subsided, he used to admit his mistake, apologize and I used to forgive him. Then it became like a vicious circle. Then he used to abuse often so I finally decided to get out of this relationship. Akanksha Juneja further said, 'If there is no respect in the relationship then nothing matters. The reason I am single is the last abusive relationship I was in. There was a time when I used to lose my cool and could not concentrate on my work and my life got messed up. I used to live in depression for several days, finally I decided to end it. The actress ends her talk by saying that she is a little apprehensive about love due to past experience. Akanksha Juneja said, 'It is not that I am lonely and unhappy without a partner, but I will have no problem in getting into a relationship with the right person. Yes, my past experience has made me a little scared and apprehensive, so I can't commit to someone so easily.'

# 'Bhallaldev' praised RRR, said - Rajamouli fulfilled the dream of 'One India - One Cinema'



Actor Rana Daggubati, who played the role of Bhallaldev in 'Baahubali' and 'Bahubali-2', has joined the ranks of S.S. Rajamouli's film RRR has been praised a lot. Daggubati has praised Rajamouli saying that he has fulfilled the dream of 'One India - One Cinema'. It is known that Rajamouli had directed Prabhas's film 'Bahubali' and 'Bahubali-2' in which Rana was seen in the role of Bhallaldev. That film was also a blockbuster hit and this film has also set the flags of success. The dream of 'One India - One Cinema' has been fulfilled."RRR has already crossed the 1000 crore mark and Daggubati has also wished Rajamouli by sharing the poster of the film crossing the 1000 crore mark. Rana Daggubati wrote, 'ONE INDIA ONE CINEMA was just a dream until a man came forward and showed us how it is done.' Rana told Rajamouli - Captain - Rajamouli tweeted the poster of the film and wrote, 'Captain you have done it again. Rajamouli and his team RRR.

I salute you all. On Rana's tweet, many people have supported his point and praised him fiercely in the comment section. Let us inform that while Rajamouli's film Bahubali was a blockbuster hit, Bahubali-2 also collected a collection of about 2000 crores. Is. All the veteran actors like Junior NTR, Ram Charan, Ajay Devgan and Alia Bhatt have played important roles in the film. In South, the film has made a huge collection but in North India too, the film has managed to earn tremendously. Tremendous action sequences have also been shown in the film which are being liked by the audience.

आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# प्राइवेट अस्पतालों के नवीनीकरण नियम हुऐ सख्त , अब ऑनलाइन एक माह तक देनी होगी अटेन्डेन्स

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-प्राइवेट नर्सिंग होम व क्लीनिकों एवं अस्पतालों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के यहां पंजीकरण कराने के पश्चात मौज ले रहे मैनेजिंग डायरेक्टरों के लिए इस वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ माह अप्रैल में नवीनीकरण कराने पर पसीना पसीना होना पड सकता है ! जी हां, अब पहले जैसी बात नहीं रह गयी है क्योंकि पहले तो साइबर कैफे से ऑनलाइन नवीनीकरण कराने के बाद सम्बन्धित नोडल अधिकारी द्वारा निरीक्षण के पश्चात एक वर्ष तक चिकित्सालय के संचालन हेतु प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया जाता था परन्तु अब इस प्रक्रिया में बदलाव की खबर है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी ने हमारे संवाददाता को बताया कि विभाग से पंजीक्रत नर्सिंग होम एवं हॉस्पीटल्स में ऐलोपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार एवं सर्जरी आप्रेशन करने वाले चिकित्सकों को अब नवीनीकरण के पश्चात एक माह का प्रावीजनल प्रमाण पत्र दिया जाऐगा तथा प्रथम एक माह तक प्रतिदिन नियमित रूप से सम्बन्धित हॉस्पीटल में कार्य हेतु आने के बाद अपने पर्सनल मोबाइल से फोटो खींचकर एवं व्हाटसैफ कॉलिगं नोडल चिकित्साधिकारी ( रजिस्ट्रेशन ) से करनी होगी ! तत्पश्चात नोडल अधिकारी के रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर ही एक वर्षीय हॉस्पीटल्स संचालन का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाऐगा ! मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.उमेश कुमार त्रिपाठी ने आगे बताया कि प्रायः यह देखने में आया है

कि मैनेजिंग डायरेक्टर्स हॉस्पीटल्स रजिस्ट्रेशन के दौरान तो सम्बन्धित चिकित्सक व सर्जन के अभिलेखों को ऑन लाइन कराकर तथा एक या दो बार तो डाक्टर्स को बुलवाकर विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करवा देते हैं परन्तु उसके बाद पैरामेडीकल कर्मचारियों व अप्रशिक्षित लोगों से मरीजों का उपचार कराकर उनके जीवन से खिलवाड़ करते हैं !

# चिलर सेंटरों पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की छापेमारी, तीन नमूने लिए

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सहायक आयुक्त खाद्य-2 डा. श्वेता सैनी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने चिलर सेटरों से तीन नमूने लिए है। इन्हें जांच के लिए लखनऊ प्रयोगशाला में भेजा गया है। सहायक आयुक्त खाद्य-2 डा. श्वेता सैनी के नेतृत्व में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग के मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी गजेन्द्र सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय सिंह, मालती सिंह ने शिकोहाबाद रोड स्थित बाबा आइस चिलिंग सेंटर पर छापामार कार्रवाई की। टीम ने परिसर में मौजूद दूध के दो सेम्पल जांच के लिए भरे हैं। इसके बाद टीम ने आगरा रोड स्थित किशोरी लाल चिलिंग सेंटर से जांच को एक नमूना संग्रहित किया है। सहायक आयुक्त खाद्य-2 ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर रविवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने छापामार कार्रवाई की गई है। छापामार कार्रवाई में लिए गए दूध के तीन सेम्पल को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा गया है। जांच में सेम्पल फेल होने पर संबंधितों के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मेडिकल कल कालेज में भर्ती एक युवती की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले गए। बताया गया है कि थाना व कस्बा सिढ़पुरा निवासी प्रदीप कुमार की 23 वर्षीय बेटी वर्षा की रविवार को सुबह घर पर ही हालत खराब हुई। उसको आनन फानन में स्वजनों द्वारा एटा के मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। यहां पर उसकी मौत हो गई। संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# एम0 एस0 पी 0 से एक भी पैसा कम पर गेहूं नहीं बेचेंगे किसान

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-संगठन द्वारा रणनीति तैयार 10 मई को आम सभा में प्रस्ताव पास कराकर बृहद आंदोलन होगा एटा।आज दिनांक 11.04.2022 को एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले संगठन के पदाधिकारी / प्रमुख कार्यकर्ताओं की मासिक पंचायत संपन्न हुई उक्त पंचायत में सर्वप्रथम तय किया गया कि एम0 एस0 पी0 रेट से एक पैसा भी कम पर किसान गेहूं का एक दाना भी बिक्री नहीं करेंगे इसलिए शासन प्रशासन गेहूं क्रय केंद्रों पर बारदाना आदि की समुचित व्यवस्था करा कर शत प्रतिशत किसानों का गेहूं सरकार खरीदने का काम करे अन्यथा किसान, नोजवान आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे तथा कार्यकर्ताओं ने संगठन की अग्रिम रणनीति तैयार करते हुए तय किया कि संगठन के द्वारा एटा से लखनऊ को प्रस्तावित यात्रा, एटा रेल लाइन विस्तार, ईसन नदी बचाओ अभियान, एम0 एस0 पी0 गारंटी कानून, किसानों को फ्री बिजली, किसानों का शत-प्रतिशत कर्जा माफ किया जाए, डीजल - पेट्रोल - गैस - खाद आदि की कीमतों में हो रही वृद्धि के विरोध सहित आदि लम्बित मुद्दों के समाधान हेतु व्यापक रणनीति तैयार की गई उक्त मासिक पंचायत में गेहूं, लहसुन आदि की खेती में चल रहे कृषि कार्य की वजह से संगठन के तमाम पदाधिकारी / कार्यकर्ता अपनी शारीरिक रूप से उपस्थिति दर्ज कराने में असफल रहे हैं उन्होंने फोन के माध्यम से अपने अपने सुझाव नोट कराने का काम किया एवं संगठन के सभी प्रमुख पदाधिकारियों के सुझाव अनुसार अग्रिम आंदोलन की रणनीति तैयार करते हुए तय किया गया कि 10 मई 2022 को प्रातः 10 बजे से एटा धरना स्थल पर आमसभा की उपस्थित में आम सहमति से बड़े निर्णय लेकर किसानों की समस्याओं के समाधान ना होने तक आंदोलन जारी रखा जाएगा इसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इसलिए शासन-प्रशासन नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए संगठन की लम्बित समस्याओं का समाधान करने का काम करें।इस अवसर पर प्रमुख रूप से :- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र शास्त्री, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष थान सिंह लोधी, जिला अध्यक्ष पिंकी भैया, जिला उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह - शिव शंकर फौजी - मनदीप यादव, ध्यान पाल सिंह फौजी, अर्जुन कल्लू, अक्षय दीप, रवि, मयंक उर्फ मोनू, निर्मल, शिवा, मनोज देवी, अनुपमा पांडे सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# दरगाह पर चढ़ने वाले लाखों रुपये के दान का लेखाजोखा रखेगा प्रशासन, 11 साल पहले विस में भी गूंजा था मुद्दा

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-तत्कालीन स्थानीय विधायक ने 11 साल पहले दरगाह पर प्रशासक नियुक्त करने की मांग उठाई थी। विगत दिवस से यहां जात शुरू हो गई। इस दौरान यहां आने वाले लाखों रुपये के दान का लेखा-जोखा रखने के लिए तहसीलदार को रिसीवर नियुक्त किया गया है। बड़े मियां-छोटे मियां की दरगाह और जात की शिकायतों से उठा मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। दरगाह स्थल को प्रशासन अपने कब्जे में ले चुका है। दरगाह संबंधी मुद्दा 11 साल पहले उप्र की विधानसभा में भी गूंज चुका है। तत्कालीन स्थानीय विधायक कुबेर सिंह अगरिया ने प्रशासक नियुक्त करने की मांग उठाई थी। हालांकि जिलाधिकारी की सहमति के बावजूद इस संबंध में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। उस समय जलेसर से विधायक रहे कुबेर सिंह अगरिया ने 17 फरवरी 2011 को विधानसभा में मामला उठाया था। कहा कि बुधवार व शनिवार को हिंदुओं द्वारा जात की जाती है। ज्येष्ठ माह के इन दिनों में करोड़ों रुपये प्रतिदिन का चढ़ावा आता है। इसके अलावा भी हर शनिवार और बुधवार को हजारों रुपये का चढ़ावा आता है। इस चढ़ावे की धनराशि और सामग्री को स्थानीय दबंग व अराजक तत्व अपने कब्जे में कर लेते हैं, जिससे चढ़ावे के धन का दुरुपयोग हो रहा है। इस चढ़ावे को लेकर स्थानीय गुंडों में कई बार संघर्ष हो चुका है, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति कभी भी खराब हो सकती है। इस चढ़ावे को अराजक तत्वों के हाथ जाने से रोकने के लिए एक प्रशासक नियुक्त किया जाए। चढ़ावा की पूरी धनराशि को राजकोष में जमा कराया जाए। विस में मामला उठते ही उसी दिन तहसीलदार ने एसडीएम जलेसर और एसडीएम ने डीएम को अपनी रिपोर्ट भेज दी। इस रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन डीएम डॉ. बलकार सिंह ने अगले ही दिन 18 फरवरी को उप सचिव गृह विभाग उप्र को पत्र भेजा। जिसमें उन्होंने मजार पर अन्य बड़े धार्मिक स्थलों की तरह प्रशासक या न्यास बनाकर प्रबंधन में दिए जाने की संस्तुति कर दी, लेकिन पूर्व की सरकारी में डीएम की संस्तुति के बावजूद इस पर अमल नहीं किया गया। जिसके चलते जात के दौरान आने वाले चढ़ावे का मनमाना बंटवारा होता रहा। एसडीएम अलंकार अग्निहोत्री ने बताया कि कुछ दिन पहले आई शिकायतों के आधार पर चुनाव से पहले जांच शुरू कराई गई थी। दरगाह की जो प्रबंध समिति बनी हुई थी, उसे नोटिस जारी किए गए, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। जिसके बाद दरगाह के ताले तोड़कर कब्जा ले लिया गया है। तहसीलदार को रिसीवर बनाकर जात कराई जा रही है। चढ़ावे में आने वाली धनराशि को दरगाह के बैंक खाते में जमा कराया जाएगा।

# कमपोजिट मॉडल स्कूल बिहारीपुर में विचार गोष्ठी संपन्न

तकी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-परम पूज्य महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती ( फुले ) दिवस के रूप में अनुसूचित मोर्चा महानगर बरेली द्वारा भव्य रूप से मनाई गई तथा कमपोजिट मॉडल स्कूल बिहारीपुर बरेली में विचार गोष्ठी कर उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता श्री मनोज थपलियाल जी ने बताया किस प्रकार फुले दंपत्ति ने भारत में शिक्षा को क्रांतीज्योती के रूप में प्रज्वलित किया तथा साथ ही मुख्य अतिथि बरेली से माननीय कैंट विधायक आदरणीय श्री संजीव अग्रवाल जी ने महिला उत्थान के लिए फुले दंपत्ति द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला गोष्ठी के दौरान मुख्य रूप से अनुसूचित मोर्चा महानगर के यशस्वी



अध्यक्ष श्री योगेश बंटी जी महामंत्री श्री शानू चौधरी जी महामंत्री श्री विकास पासवान जी उपाध्यक्ष श्री महेंद्र पाल राही जी उपाध्यक्ष श्री अजय चौहान जी मंत्री श्री अमरनाथ सरन जी मंत्री श्री दलबीर सिंह जी मंत्री श्री सुनील कुमार जी सोशल मीडिया प्रभारी श्री सौरभ कठेरिया जी मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा श्री विक्की गिहार जी श्री अभिषेक आनंद जी आदि लोग उपस्थित रहे गोष्ठी के उपरांत स्कूल में उपस्थित सभी बच्चों को मोर्चे द्वारा फल, मिष्ठान व पढ़ाई से संबंधित सामग्री भी वितरित की गई

# गांजा तस्करी के मामले में फरार बस ड्राइवर रीवा से गिरफ्तार

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

थाना पेण्ड्रा के गाँजा के मामले में चेकिंग के दौरान बस से कूद कर फरार हुए आरोपी चालक को जीपीएम पुलिस ने उसके घर रीवा से पकड़ने में सफलता हासिल की है। गाँजा तस्करी से जुड़ा का यह मामला थाना पेण्ड्रा का है। दिनाँक 30/3।22 को थाना प्रभारी पेंड्रा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि तिवारी ट्रेवल्स की बस जो दुर्ग से प्रयागराज चलती है। बस का नंबर सीजी 07 BY 8573 है। जिसमे गाँजा का परिवहन किया जा रहा है। सूचना से थाना प्रभारी पेण्ड्रा के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया था। थाना प्रभारी पेण्ड्रा की टीम के द्वारा अमरपुर बायपास तिराहा के पास रुकवाकर दरवाजा खोलवाते समय बस के दोनों ड्राइवर ड्राइविंग सीट की ओर से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। बस के केबिन में बैठा व्यक्ति बताया कि ड्राइवर का नाम महेश पटेल निवासी मऊ हनुमना तथा उसका सहयोगी ड्राइवर राजेश यादव ग्राम भट्ठी जिला रीवा भाग गए। मौके से बस कीमती 30 लाख एवं 15 किलो जप्त किया गया था। आरोपियो की पतासाजी की रही थी। जीपीएम पुलिस की एक टीम आरोपियो को पकड़ने हेतु लगातार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में लगातार आरोपियों के रिश्तेदारों के यहां छापामार कार्यवाही कर रही थी। इसी तारतम्य में रीवा से आरोपी राजेश उर्फ जोशी पिता हरभजन यादव 42 साल निवासी पूर्वा कल्याणपुर भठोी थाना पनवार जिला रीवा को गिरफ्तार




किया जाकर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक प्रवीण द्विवेदी,उप निरीक्षक धर्म नारायण तिवारी, प्रधान आरक्षक विजय दीप त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
की जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज सूरजपुर में

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल 12 अप्रैल को सूरजपुर के प्रवास पर रहेंगे। संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री निवास रायपुर से कार द्वारा दोपहर 12.00 बजे प्रस्थान करेंगे, दोपहर 12.10 मे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड रायपुर से सूरजपुर के लिए हेलीकॉप्टर से प्रस्थान करेंगे। दोपहर 1.00 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड सूरजपुर आगमन होगा उसके बाद कार द्वारा प्रस्थान करेंगे।दोपहर 1.10 बजे माता कर्मा चौक में आगमन होगा। दोपहर 1.10 से 2.10 के बीच संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव में शामिल होंगे। दोपहर 2.15 बजे कार द्वारा माता कर्मा चौक से प्रस्थान करेंगे। दोपहर 2.20 बजे सर्किट हाउस सूरजपुर में आगमन होगा एवं 2.50 तक सर्किट हाउस में ही रुकेंगे। सर्किट हाउस सूरजपुर से दोपहर 2.50 पर कार द्वारा प्रस्थान कर 3.00 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड सूरजपुर आगमन होगा तत्पश्चात हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर प्रस्थान करेंगे। 3.50 बजे पुलिस ग्राउंड हेलीपैड रायपुर में आगमन होगा उसके पश्चात कार द्वारा 4.00 बजे मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आगमन होगा।

# कृषि विकास अधिकारी पर लगा अभद्र व्यवहार आरोप, हटाए जाने की मांग

## आदिवासी अब नहीं सहेंगे अपमान

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दतिमा मोड़- भैयाथान विकासखंड में हाल ही में पदोन्नत कृषि विकास अधिकारी द्वारा पूर्व में पदस्थ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जो कि कूट रचित ढंग से नियम विरुद्ध तरीके से हटवा कर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी का प्रभार अशोक सोनवानी के द्वारा ले लिया गया है। सोनवानी का व्यवहार आदिवासियों के प्रति काफी घृणित व अपमानित करने वाला रहता है कई बार उन्हें आदिवासी अधिकारियों के प्रति गाली गलौज भी करते सुना गया है। सोनवानी की राजनीतिक पकड़ होने के कारण कभी अपनी पदस्थापना कोरबा जिले में कभी सूरजपुर जिले में व मनचाहा कार्यक्षेत्र हासिल करने में समर्थ है बहरहाल भैयाथान के संपूर्ण कृषि विस्तार अधिकारी एक सुर में इनके साथ कार्य नहीं करने हेतु हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंप चुके हैं साथ ही सभी कर्मचारियों ने ज्ञापन में यह भी उल्लेखित किया है कि इन्हें नहीं हटाए जाने की स्थिति में कर्मचारी भूख हड़ताल करने को बाध्य होंगे।

### उपेक्षा का शिकार हो रहा है कृषि विभाग भैयाथान

हर बार खरीफ मौसम में बाहर की कंपनियां आकर संकर धान बीज स्थानीय बीज विक्रेता के माध्यम से किसानों को बेची जाती है किसान अपने खून पसीने की कमाई से बीज



खरीदता है परंतु कभी-कभी वह ठगी का शिकार भी हो जाता है किसानों के इस दर्द को समझते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने विकासखंड भैयाथान में तीन बीज खाद्य निरीक्षक कृषि विकास अधिकारी नियुक्त किए थे ताकि किसान के मेहनत का पैसा ठगी का भेट ना चढ़े लेकिन शासन के आदेश को ठेंगा दिखाते हुए भैयाथान से 2 निरीक्षकों को अन्यत्र संलग्न कर दिया गया उसके पूर्व ही सोनवानी को पूरे विकासखंड में जांच के लिए आदेशित करने की भी कृपा कर दी गई।

### संसदीय सचिव का है ब्लॉक मुख्यालय

2 निरीक्षकों को भैयाथान से अन्यत्र हटाने का निर्णय तब लिया गया जबकि यह छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव का ब्लॉक मुख्यालय है और इतना ही नहीं बतरा जो कि विधायक ग्राम है वहां के निरीक्षक को भी अन्यत्र हटा दिया गया है गौरतलब है कि संसदीय सचिव की नाराजगी की चिंता भी विभाग के अधिकारियों को नहीं होती है।

### आदिवासी कर्मचारी को मारने उठ पड़े अधिकारी

सोनवानी द्वारा साप्ताहिक बैठक में एक आदिवासी कर्मचारी को बिना किसी कारण उसके साथ तू तड़ाक करना व मारने के लिए अपनी कुर्सी से उठ गए थे समय रहते वहां उपस्थित अन्य कर्मचारियों द्वारा कुछ अप्रिय घटना को होने से बचा लिया गया गौरतलब है कि सोनवानी के प्रभार लेते ही कृषि विस्तार अधिकारियों का अन्यत्र विकासखंड में पदस्थापना हेतु आवेदन आने की होड़ सी लग गई है। छत्तीसगढ़ आदिवासी जनजाति आयोग ने लिया संज्ञान राज्य के कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आदिवासी आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने इस गंभीर मामले को संज्ञान में लिया है व कठोर से कठोर कार्यवाही हेतु आश्वासन दिया गया है।

### कृषि विभाग के कर्मचारी का क्या है कथन

कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी राम गोपाल राम व अन्य कुछ कर्मचारी ने बताया कि श्री सोनवानी हमारे साथ 20 वर्षों से एक ही पद पर कार्यरत हैं अपने कार्यकाल में कोई भी कार्य समय पर नहीं किया जाना और आदिवासी व अधिकारियों को हमेशा अपमानित करना इनकी प्रवृत्ति है जो कि अब पदोन्नति के पश्चात चरम पर है सोनवानी आ. जा .आ .जा. जा .के समूह में किसी भी तरह पद प्राप्त कर लेते हैं और उनका यह सोच रहता है कि इन पदों पर रहकर वे आदिवासियों को अपमानित व शोषण का कार्य करते रहेंगे।

### जिला कार्यालय भी है मेहरबान

सोनवानी का जिला कार्यालय में एक कर्मचारी से सेटिंग कर तीन क्षेत्रों के निरीक्षक का आदेश प्राप्त कर लिया गया है जिला कार्यालय में शासन के स्थानांतरण आदेश के बाद भी कर्मचारी मलाईदार शाखाओं में काबिज है इतना ही नहीं कार्यालय संयुक्त भवन में नहीं होने के कारण कर्मचारी भी अपने समय से कार्यालय आना-जाना करते हैं हद तो तब हुई जब यह पता चला कि एक कर्मचारी को कलेक्टर सूरजपुर अगर कार्यालय निरीक्षण के लिए आते हैं तो उस कर्मचारी को पूर्व में ही सूचना प्राप्त हो जाती है कि आज कलेक्टर महोदय कृषि विभाग जिला कार्यालय का निरीक्षण करने आ रहे हैं खैर देखना होगा कि इन मामलों में कितना सुधार होता है या यह भी मामला रफा-दफा कर दिया जावेगा।

WWW.KNSLLIVE.COM

# महमूदपुर लाल में नवरात्रों के अवसर पर मां दुर्गा की धुम धाम से निकाली झांकी

नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-डिलारी- थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर लाल में नवरात्रों के समापन पर मां दुर्गे की झांकी का आयोजन किया गया। ग्रामीणों ने गाजे-बाजे के साथ धूमधाम से नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए झांकी निकाली। ठाकुर मनोज कुमार ने फीता काटकर मां दुर्गे की झांकी का शुभारंभ किया। इस दौरान मां के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। नगर के महिलाओं एवं पुरुषों ने मां दुर्गे की झांकी का पुष्पों की वर्षा कर फूल-मालाओं से स्वागत किया। पंडित प्रशांत कुमार शर्मा ने बताया कि गत वर्षों की भांति मां दुर्गे की झांकी देवी स्थान से प्रारंभ होते हुए नगर के मुख्य मार्गो से होकर देवी स्थान पर ही समापन किया जाता है। इस दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा।